पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने दीपावली पर्व की बधाई दी

राज्यपाल दीपावली के दिन 11 से 1 बजे दोपहर के बीच गणमान्य नागरिकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से राजभवन में भेंट करेंगे

लखनऊः 6 नवम्बर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक दीपावली के पावन पर्व पर 7 नवम्बर, 2018 को राजभवन में पूर्वान्ह 11:00 से अपरान्ह 1:00 बजे तक गणमान्य नागरिकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर दीपावली की बधाई देंगे।

राज्यपाल ने प्रकाश पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनकी सुख-समृद्धि की मंगलकामना की है, उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दीपों का यह पर्व सुख एवं समृद्धि का प्रतीक है। दीपावली का पर्व सभी लोगों के जीवन में नई खुशियों का संचार करे। राज्यपाल ने कहा कि असली खुशी दूसरों के साथ अपनी खुशी बांटने में ही है। पर्वों पर हमें गरीब, जरूरतमंदों को साथ लेकर अपनी खुशियों में उन्हें भी सम्मिलित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खुशियों का पर्व दीपावली भाईचारे और सद्भाव के माहौल को मजबूत करता है।

अंजुम/दिलशाद/राजभवन (434/15)